100 सूरह आदियात. (मजामीन)

खुलासा मज़ामीने कुरान उर्दू किताब. मौलाना मलिक अब्दुर्रउफ.

नोट.- ये PDF कोई भाषा या व्याकरण नही हे,
बल्कि दीन-ए-इस्लाम को समझने के लिये हे.

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम.

» इन्सान नाशुक्रा हे.

अल्लाह तआला ने घोडो की कसम दलील के तौर पर पेश करके फरमाया- इन्सान बडा ही नाशुक्रा हे, क्यूकी वो दौलत की मोहब्बत मे डूबा हुवा हे.

घोडो की कडी मेहनतो, जान तोड कोशिशो, और कुर्बानियो को देखो! जो वो अपने मालिक की फर्माबरदारी और खिदमत की राह मे करते हे, दूसरी तरफ इन्सान की नाशुक्री, किस कदर अफसोस की बात हे! वो इन हेवानो से भी सब्क नही सीखता, वो अपने रब के एहसान को भूल कर अपने माल को बचाने की कोशिश करता रेहता हे, लेकिन वो कहा और कब तक इसे छुपायेगा! एक दिन ज़मीन के सारे खज़ाने और दिलो के सारे राज़ खुलकर रहेंगा.